भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न संख्या 1667
10 फरवरी, 2026 को उत्तर के लिए

**सहकारी समितियों को एफएफपीओ में बदलना**

**1667. डॉ. भोला सिंह:**
**श्री सतीश कुमार गौतमः**
**श्री बालाशौरी वल्लभनेनी:**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मत्स्यपालन विभाग ने 1,000 मौजूदा मत्स्य सहकारी समितियों को 'मत्स्य किसान उत्पादक संगठनों' (एफएफपीओ) में बदलने का कार्य राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) को आवंटित किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या एनसीडीसी उक्त एफएफपीओ को रियायती वित्त या तकनीकी सहायता प्रदान करता है और यदि हाँ, तो उक्त एफएफपीओ/एफपीओ को प्रदान की गई कुल वित्तीय और तकनीकी सहायता का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) एनसीडीसी द्वारा इन सहकारी समितियों को एफएफपीओ में बदलने में कितना समय लगेगा;

(घ) क्या एनसीडीसी ने मछुआरों को बाजार संपर्क और प्रसंस्करण सुविधाएं प्रदान करने के लिए 70 मत्स्य किसान उत्पादक संगठन पंजीकृत किए हैं और यदि हाँ, तो आंध्र प्रदेश में तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) एनसीडीसी द्वारा अब तक प्रवर्तित, गठित और समर्थित एफएफपीओ का राज्य-वार ब्यौरा और संख्या क्या है और आंध्र प्रदेश का जिला-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**

**(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)**

(क) से (ग): मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (PMMSY) के अंतर्गत अन्य बातों के साथ-साथ मछुआरों और मत्स्य किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उनकी बार्गेनिंग पावर को बढ़ाने के लिए फिश फार्मर्स प्रोड्यूसर ऑर्गनाइज़ेशन/कंपनियों (FFPOs/Cs) की स्थापना का प्रावधान किया गया है। मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार ने मार्च, 2023 में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (PMMSY) के तहत 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्तीय सहायता के साथ 225.50 करोड़ रुपए की कुल लागत पर तटीय राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 1000 मौजूदा प्राथमिक मात्स्यिकी सहकारी समितियों को मत्स्य किसान उत्पादक संगठन/ फिश फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (FFPOs) में बदलने के लिए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम/ नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (NCDC) के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। PMMSY के तहत FFPOs के रूप में गठन के लिए आवंटित 1000 प्राथमिक मात्स्यिकी सहकारी समितियों (PFCS) का राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश-वार विवरण नीचे दिया गया है:

| क्रम संख्या | राज्य/केंद्र शासित प्रदेश | FFPO के रूप में गठन हेतु आवंटित मात्स्यिकी सहकारी समितियाँ |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 182 |
| 2 | गोवा | 4 |
| 3 | महाराष्ट्र | 316 |
| 4 | गुजरात | 146 |
| 5 | कर्नाटक | 62 |
| 6 | केरल | 124 |
| 7 | ओडिशा | 21 |
| 8 | तमिलनाडु | 105 |
| 9 | पश्चिम बंगाल | 40 |
| | **कुल** | **1000** |

प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (PMMSY) के तहत प्रत्येक मत्स्य किसान उत्पादक संगठन (FFPO) को संगठन बनाने और इनक्यूबेशन लागत, प्रबंधन लागत और इक्विटी अनुदान के रूप में केंद्रीय सहायता प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त, NCDC FFPO को रियायती वित्त और तकनीकी सहायता भी प्रदान करता है। NCDC द्वारा दी गई जानकारी अनुसार NCDC द्वारा FFPOs को प्रदान की गई कुल वित्तीय सहायता का विवरण अनुबंध- I में प्रस्तुत किया गया है

(घ) और (ङ): इसके अलावा, मार्च, 2023 में मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार ने 100% केंद्रीय अनुदान के साथ 37.80 करोड़ रुपए की लागत से देश भर में 70 नए मत्स्य किसान उत्पादक संगठन/फिश फार्मर्स प्रोड्यूसर ऑर्गनाइज़ेशन (FFPOs) के गठन के लिए NCDC के एक अन्य प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी है। इसमें आंध्र प्रदेश में सात नए FFPO का गठन शामिल है। आंध्र प्रदेश सहित पंजीकृत 70 नए FFPO का राज्य-वार विवरण अनुबंध- II में प्रस्तुत किया गया है। आंध्र प्रदेश में एनसीडीसी द्वारा प्रवर्तित, गठित और सहायता प्राप्त एफएफपीओ की संख्या का जिला-वार विवरण अनुबंध-III में दिया गया है।

****

**अनुबंध- I**

**सहकारी समितियों को एफएफपीओ में बदलने के संबंध में 10 फरवरी, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए डॉ. भोला सिंह, श्री सतीश कुमार गौतम और श्री बालाशौरी वल्लभनेनी, माननीय संसद सदस्यों द्वारा पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1667 के भाग (क) से (ग) के उत्तर के संबंध में उल्लिखित विवरण। NCDC द्वारा FFPO को दी गई कुल वित्तीय सहायता का विवरण।**

| **क्र.सं.** | **परियोजना का नाम** | **संगठन का नाम** | **NCDC-क्षेत्रीय कार्यालय** | **केंद्रीय शेयर की पात्रता (रु. लाख में)** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बिहार के मोतिहारी जिले में बत्तख और बकरी के साथ इंटीग्रेटेड फिश फार्मिंग यूनिट की स्थापना (ब्लॉक लागत 96.48 लाख रुपए) | मत्स्य किसान उत्पादक संगठन सहकारी समिति लिमिटेड | पटना, बिहार | 38.79 |
| 2 | मत्स्य का वैल्यू एडिशन और आपूर्ति श्रृंखला विपणन का विकास, बिबवेवाड़ी, पुणे, महाराष्ट्र (ब्लॉक लागत 88.12 लाख रुपए) | यूनिवर्सल शेड्यूल कास्ट मत्स्य शेतकरी उत्पादक सहकारी संस्था लिमिटेड | पुणे, महाराष्ट्र | 50.00 |
| 3 | इंटीग्रेटेड रिज़र्वॉयर डेवलपमेंट, सोलधारा, नवसारी, गुजरात (ब्लॉक लागत 48.74 लाख रुपए) | गुजरात मत्स्य किसान उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड | गांधीनगर, गुजरात | 48.74 |
| 4 | मत्स्य का वैल्यू एडिशन और आपूर्ति श्रृंखला विपणन का विकास, अर्नाला, पालघर, महाराष्ट्र (ब्लॉक लागत 88.34 लाख रुपए) | महाराष्ट्र जिला एकवीरा मात्स्यिकी और कृषि संगठन | पुणे, महाराष्ट्र | 50.00 |
| 5 | पीएमएमएसवाई योजना के केंद्रीय घटक की स्टार्ट-अप गतिविधियों के तहत 77.00 लाख की ब्लॉक लागत पर मत्स्य मूल्य संवर्धन और कोल्ड चेन आपूर्ति बाजार के विकास हेतु स्टार्ट-अप गतिविधि का प्रस्ताव | काशी सृजन बहुउद्देशीय सहकारी समिति लिमिटेड | लखनऊ, उत्तर प्रदेश | 38.50 |

*****

**अनुबंध- II**

**सहकारी समितियों को एफएफपीओ में बदलने के संबंध में 10 फरवरी, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए डॉ. भोला सिंह, श्री सतीश कुमार गौतम और श्री बालाशौरी वल्लभनेनी, माननीय संसद सदस्यों द्वारा पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1667 के भाग (घ) से (ङ) के उत्तर के संबंध में उल्लिखित विवरण; PMMSY के तहत नए 70 एफएफपीओ के गठन/पंजीकरण का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार विवरण**

| क्र.सं. | राज्य/केंद्र शासित प्रदेश का नाम | पंजीकृत एफएफपीओ की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | मध्य प्रदेश | 5 |
| 2 | झारखंड | 1 |
| 3 | ओडिशा | 6 |
| 4 | उत्तर प्रदेश | 2 |
| 5 | महाराष्ट्र | 5 |
| 6 | जम्मू और कश्मीर | 2 |
| 7 | हिमाचल प्रदेश | 1 |
| 8 | लद्दाख | 1 |
| 9 | छत्तीसगढ | 1 |
| 10 | गुजरात | 4 |
| 11 | दमन और दीव | 2 |
| 12 | बिहार | 6 |
| 13 | मणिपुर | 2 |
| 14 | मेघालय | 1 |
| 15 | असम | 1 |
| 16 | मिजोरम | 1 |
| 17 | त्रिपुरा | 1 |
| 18 | तेलंगाना | 2 |
| 19 | आंध्र प्रदेश | **7** |
| 20 | तमिलनाडु | 6 |
| 21 | उत्तराखंड | 5 |
| 22 | पश्चिम बंगाल | 1 |
| 23 | केरल | 4 |
| 24 | कर्नाटक | 3 |
| **कुल** | | **70** |

*****

**अनुलग्नक-III**

**सहकारी समितियों को एफएफपीओ में बदलने के संबंध में 10 फरवरी, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए डॉ. भोला सिंह, श्री सतीश कुमार गौतम और श्री बालाशौरी वल्लभनेनी, माननीय संसद सदस्यों द्वारा पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1667 के भाग (घ) से (ङ) के उत्तर के संबंध में उल्लिखित विवरण; आंध्र प्रदेश में एनसीडीसी द्वारा प्रवर्तित, गठित और समर्थित एफएफपीओ की संख्या का जिलावार विवरण।**

**I. 70 FFPOs के तहत आंध्र प्रदेश में जिला और ब्लॉक के साथ 7 FFPOs का जिलावार विवरण**

| क्रम संख्या | आंध्र प्रदेश में FFPO का नाम | ज़िला | ब्लॉक |
|---|---|---|---|
| 1 | कुरनूल श्री मत्स्यनारायण मत्स्य किसान उत्पादक MACS लिमिटेड। | कुरनूल | गुडूर |
| 2 | नंद्याला श्री मत्स्यनारायण मत्स्य किसान उत्पादक MACS लिमिटेड। | नंद्याला | पन्यम |
| 3 | अनंतपुरम श्री मत्स्य नारायण मत्स्य किसान उत्पादक MACS लिमिटेड। | अनंतपुर | पामिडी |
| 4 | जलापुष्पा मत्स्य किसान उत्पादक MACS लिमिटेड | SPSR नेल्लोर | कवाली |
| 5 | प्रकाशम तटीय समुद्री मत्स्य किसान उत्पादक MACS  लिमिटेड | प्रकाशम | सिंगरायकोंडा |
| 6 | शिव शक्ति मत्स्य किसान उत्पादक पारस्परिक सहायता सहकारी समिति लिमिटेड | श्री बालाजी | थडा |
| 7 | जय सूर्या मत्स्य किसान उत्पादक पारस्परिक सहायता प्राप्त सहकारी समिति लिमिटेड | बापतला | बापतला |

**II. आंध्र प्रदेश में 1000 PFCS के तहत FFPOs की ज़िलावार संख्या**

| क्रंम.संख्या | जिला का नाम | PFCS की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अनकापल्ली | 2 |
| 2 | अनंतपुरम | 4 |
| 3 | बापतला | 11 |
| 4 | चित्तूर | 2 |
| 5 | कोनासीमा | 34 |
| 6 | पूर्वी गोदावरी | 12 |
| 7 | एलुरु | 18 |
| 8 | गुंटूर | 6 |
| 9 | काकीनाडा | 10 |
| 10 | कृष्णा | 7 |
| 11 | कुरनूल | 3 |
| 12 | नांदयाल | 1 |
| 13 | एनटीआर | 1 |
| 14 | पलनाडु | 2 |
| 15 | पीवीपी मान्यम | 5 |
| 16 | प्रकाशम | 3 |
| 17 | एसपीएसआर नेल्लोर | 6 |
| 18 | श्री सत्य साईं | 1 |
| 19 | श्रीकाकुलम | 19 |
| 20 | तिरुपति | 5 |
| 21 | विशाखापत्तनम | 3 |
| 22 | विजयनगरम | 6 |
| 23 | पश्चिम गोदावरी | 20 |
| 24 | YSR कडप्पा | 1 |
| 25 | ASR | 0 |
| 26 | अन्नमय्या | 0 |
|  | **कुल** | **182** |

*****